मैराथन में दिया सामाजिक संदेश

एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े व अन्य अधिकारी.

मुंबई मैराथन में 200 से अधिक एनजीओ ने भाग लिया, मैराथन में संस्थाएं अलग अलग रंग में दिखी. तमाम एनजीओ मनोरंजन से लेकर सोशल इश्यूज पर संदेश देते नज़र आए. जिसमें बेटी बचाओ, पेड़ की अधाधुंध कटाई पर रोक लगाने ,शिक्षा को बढ़ावा देने और तमाम स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करते दिखे. श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर पिछले लगातार 6 वर्ष से मुंबई मैराथन में हिस्सा लेकर धावकों को चियर कर रहे हैं.

मैराथन में स्माइल फाउंडेशन ने रनर्स में उत्साह भरने के लिए म्यूजिक और डांस का भी इंतज़ाम किया था. मेट्रो 3 के जरिए मुंबई को ट्रैफिक मुक्त करने वाली एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े अपने 22 अधिकारियों के साथ 6 किलोमीटर लंबे ड्रीम रन को सफलतापूर्वक पूरा किया. सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे के अधिकारी भी मैराथन में शामिल हुए. सेंट्रल रेलवे के जीएम डी.के शर्मा और वेस्टर्न रेलवे के डिवीज़न रेलवे मैनेजर ऑफ़ मुंबई सेंटर डिवीज़न मुकुल जैन, डीआरएम रतलाम डिवीज़न मनोज शर्मा,डीआरएम वडोदरा डिवीज़न अमित कुमार सिंह समेत कई अधिकारी दौंड में भाग लिया.